भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3338
28 मार्च, 2025 को उत्तर के लिए

सार्वजनिक क्षेत्र के इस्पात संयंत्रों की स्थिति

3338 श्री संदीप कुमार पाठक:

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों (पीएसयू) के ऐसे कौन-कौन से इस्पात संयंत्र हैं जो बीमार माने जा रहे हैं;

(ख) बीमार पीएसयू के पुनरुद्धार या विनिवेश के लिए सरकार द्वारा पिछले पांच वर्षों में क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) उनके पुनरुद्धार या विनिवेश के लिए सरकार की क्या योजना है, विनिवेश के लिए विचाराधीन पीएसयू संयंत्रों का क्या ब्यौरा है; और

(घ) पिछले पांच वर्षों में प्रत्येक पीएसयू इस्पात संयंत्र की लाभ-हानि और देनदारियां क्या हैं तथा पिछले पांच वर्षों में ऐसे पीएसयू इस्पात संयंत्र जहां कर्मचारियों के वेतन में देरी हुई है, का तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)**

(क) और (ख): सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) की आवधिक समीक्षा करती है तथा उनकी सहायता के लिए आवश्यक उपाय करती है। देश में इस्पात विनिर्माण के क्षेत्र में तीन सार्वजनिक- क्षेत्र की कंपनियां हैं यथा: स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल), एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (एनएसएल) तथा राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल)। आरआईएनएल के पुनरुद्धार के लिए मंत्रालय द्वारा किए गए उपाय निम्नानुसार हैं:-

i. सितंबर, 2024 में ₹1,640 करोड़ का निवेश।

ii. आर्थिक मामलों संबंधी मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) द्वारा आरआईएनएल के लिए ₹11,440 करोड़ की एक पुनरुद्धार योजना को अनुमोदन प्रदान किया गया जिसमें ₹10,300 करोड़ की इक्विटी पूंजी के रूप में तथा ₹1,140 करोड़ के कार्यशील पूंजी ऋण का 10 वर्ष उपरांत मोचनीय 7% असंचयी अधिमानी शेयर पूंजी के रूप में संपरिवर्तन शामिल है।

(ग): आर्थिक मामलों संबंधी मंत्रिमंडलीय समिति ने फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड (एफएसएनएल) में प्रबंधन नियंत्रण के हस्तांतरण सहित एमएसटीसी लिमिटेड की 100% इक्विटी शेयरधारिता की बिक्री

जारी...2/-

के लिए मेसर्स कोनोइके ट्रांसपोर्ट कंपनी लिमिटेड की 320 करोड़ रुपये (तीन सौ बीस करोड़ रुपए मात्र) की उच्चतम बोली को अनुमोदन प्रदान किया।

(घ): विगत पांच वित्तीय वर्षों के दौरान इस्पात क्षेत्र के सीपीएसई के संबंध में उनकी देयताओं सहित वर्षवार लाभ एवं हानि का विवरण निम्नानुसार है:-

(रुपए करोड़ में)

संयंत्र/इकाई		**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**
सेल	कर पूर्व लाभ/हानि	3398	-616	5975	15587	2285	3842
आरआईएनएल	कर पूर्व लाभ (पीबीटी)#	-306.9	-4287.5	-1036.0	941.6	-3,236.46	-5218.46
एनएसएल	लाभ और हानि	एनएमडीसी स्टील लिमिटेड ने 31.08.2023 से वाणिज्यिक उत्पादन उत्पादन शुरू किया					-1560.32 करोड़ रुपए
# 2020-21 के लिए पुन:उल्लिखित पीबीटी (अपवादात्मक मदों को छोड़कर) (-) 1259.02 करोड़ रुपए							

वित्तीय बाध्यताओं के कारण आरआईएनएल में कर्मचारियों के वेतन के भुगतान में कुछ विलंब हुआ है।

****